RAF SECTOR

NEWS CLIP

07/02/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Pioneer,Meerut,(UP)

संयुक्त राष्ट्र मिशन के लिए बीएसएफ ने पूरा किया रैपो प्रशिक्षण

मेरठ स्थित लोक व्यवस्था अकादमी में एक सप्ताह के कार्यक्रम में 87 अधिकारी व जवान हुए प्रशिक्षित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/मेरठ

संयुक्त राष्ट्र संघ मिशन के तहत कांगो जाने वाले सीमा सुरक्षा बल के 87 अधिकारियों व जवानों ने एक सप्ताह का दंगा विरोधीध्भीड़ नियंत्रण प्रशिक्षण शनिवार को सफ्लता पूर्वक पूरा कर लिया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम 31 जनवरी से 5 फ्रवरी तक लोक व्यवस्था अकादमी (रैपो) मेरठ में संचालित किया गया।

रैपो मेरठ के प्रांगण में प्रशिक्षण के समापन समारोह के अवसर पर अखिलेश कुमार सिंह पुलिस उप महानिरीक्षक, रैपो ने कहा कि इस प्रशिक्षण के दौरान सीमा सुरक्षा बलों के अधिकारियों व जवानों को दंगा नियंत्रण के सभी तकनीकी तकनीकी पहलुओ के साथ ही शारीरिक प्रशिक्षण एवं लोक व्यवस्था प्रबंधन में प्रशिक्षित किया गया। इसके अतिरिक्त कोर्स के दौरान इन जवानों को दंगा जैसी स्थितियों के दौरान भीड़ की मनोवैज्ञानिकता, हथकड़ी लगाना, अन्तराष्ट्रीय जेल प्रबन्धन, फुट टैक्टिस, ब्रेकिंग कांन्टैक्ट, फायर फायटिंग तकनीक, लेस लीथल वेपन, मुनेशन हैण्डलिंग, नए विशेष उपकरणों से परिचय, विशेष वाहनों जैसे वज्रए वरूण एवं फायर टेंडर आदि के बारे में जानकारी दी गई। उक्त प्रशिक्षण के लिये सीमा सुरक्षा बल ने अपनी विभिन्न वाहिनियों से 1 कमाण्डेंट, 1 द्वितीय कमान अधिकारी, 4 उप कमाण्डेंट सहित कुल 87 अधिकारियो-कार्मिकों को विशेष रूप से चुनकर भेजा था जो प्रशिक्षण के उपरान्त संयुक्त राष्ट्र मिशन के लिये कांगो जाने के लिए तैयार हैं। इस कोर्स में प्रथम स्थान पर निरीक्षक-जीडी रितेश कुमार पाण्डेय, द्वितीय स्थान पर सि नर्सिंग सहायक रामेश्वर लाल एवं तृतीय स्थान पर निरीक्षक-जीडी रिंटू दास रहे। अखिलेश कुमार सिंह, उप महानिरीक्षक, रैपो ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले अधिकारियों जवानों को मेडल तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

Dainik Jagran ,Meerut,(UP)

बीएसएफ जवानों का प्रशिक्षण पूरा, अब कांगो की तैयारी

जागरण संवाददाता, मेरठ : संयुक्त राष्ट्र मिशन के तहत कांगो जाने वाले सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों और कर्मचारियों का रेपो में चल रहा एक सप्ताह का प्रशिक्षण पूरा हो गया। इस दौरान उन्हें भीड़ और दंगा नियंत्रण के साथ ही मनोविज्ञान के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही आधुनिक हथियारों के बारे में भी बताया गया।

सीमा सुरक्षा बल के 87 अधिकारियों और कर्मचारियों का एक सप्ताह का प्रशिक्षण 31 जनवरी से पांच फरवरी तक लोक व्यवस्था अकादमी (रेपो) में चला। पुलिस उप महानिरीक्षक रेपो अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण का लाभ कांगो में देखने को मिलेगा। सभी जवानों को सभी प्रकार के लैस लीथल वेपन एवं मुनेशन से फायरिंग रेंज फिरोजपुर झिरका (हरियाणा) में फायरिंग का अभ्यास भी कराया गया। प्रशिक्षण के लिए बीएसएफ ने अपनी विभिन्न वाहिनियों से एक कमांडेंट, एक द्वितीय कमान अधिकारी, चार उप कमांडेंट समेत 87 अधिकारियों-कर्मचारियों को चुना था। कोर्स में प्रथम स्थान पर निरीक्षक/जीडी रितेश कुमार पांडेय, द्वितीय स्थान पर सि./नर्सिंग सहायक रामेश्वर लाल एवं तृतीय स्थान पर निरीक्षक/जीडी रिंटू दास रहे।



हरियाणा के फिरोजपुर झिरका फायरिंग रेंज में अभ्यास करते बीएसएफ जवान • सौ. रेपो

प्रशिक्षण देकर 32 महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर

मेरठ : ग्रामीण अंचल की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केनरा बैंक स्वरोजगार प्रशिक्षण दे रहा है। संस्थान ने वूमेन टेलरिंग एवं फैशन डिजाइनिंग के 30 दिवसीय प्रशिक्षण का शनिवार को समापन अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली 32 महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरण किया। समारोह में मुख्य अतिथि संजय कुमार ने कहा की देश के विकास हेतु ग्रामीण महिलाओं का उत्थान व आत्मनिर्भर होना आवश्यक है। संस्थान के निदेशक शिव सिंह भारती ने संस्थान की गतिविधियों के संबंध में अवगत कराया।

Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF

CLOSING CEREMONY OF 01 WEEK ANTI RIOT/CROWD CONTROL COURSE FOR BORDER SECURITY FORCE PERSONNEL IN RAPO, MEERUT.

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।